तापमान
अधिकतम 35.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# वनांचल भूमि
रायपुर, शुक्रवार 11 अप्रैल 2025

बस्तर | दंतेवाड़ा | बीजापुर | सुकमा | कांकेर | कोण्डागांव | नारायणपुर

12 पहले दिन मिले 10 हजार 571 आवेदन, समाधान ...

12 जियो और जीने दो के संदेश को जन-जन तक पहुंचना व ...


## खबर संक्षेप

### भारती देवांगन ने संभाला बीईओ बस्तर का पदभार



**जगदलपुर।** जिला कलेक्टर बस्तर द्वारा जारी आदेश के तहत 9 अप्रैल को भारती देवांगन ने बीईओ बस्तर का पदभार ग्रहण किया। पदभार ग्रहण करने के बाद उन्होंने कार्यालय की समस्त स्टॉफ एवं संकुल समन्वय की बैठक ली, जिसमें जाति प्रमाण पत्र, नियत नेल्लानार, विनोबा ऐप में एंट्री, अपार आईडी में गति लाने के निर्देश दिए। साथ ही साथ कार्यालयों से संबंधित समस्त कार्यों को अवलोकन करते हुए कार्यों में गति लाने का निर्देश किया।

### पुलिस ने चलित थाना लगाकर सुनी समस्याएं



**जगदलपुर।** पुलिस विभाग की ओर से धरमपुरा नंबर-एक हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी एवं आड़ावाल में बुधवार को चलित थाना लगाकर वहां के लोगों की समस्याएं सुनी गई और निराकरण किया गया। इसके अलावा पॉक्सो, महिला संबंधी अपराधों, साइबर अपराधों ठगी, नशाखोरी नशेड़ियों पर कार्यवाही के संबंध में जानकारी दी गई। साथ ही चोरी जैसे अपराधों को देखते हुए सीसीटीवी लगाने के लिए समझाइश दी गई।

### आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल करपावंड में प्रवेश प्रारंभ

**जगदलपुर।** पीएम श्री स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल करपावंड में रिक्त सीटों पर आज से 5 मई तक छात्र-छात्राएं आवेदन कर सकते हैं। कक्षा 1 ली में प्रवेश के लिए छात्रों की आयु 5 वर्ष 6 माह से लेकर 6 वर्ष माह 6 के मध्य होना आवश्यक है । जिनकी जन्म तिथि 1 दिसम्बर 2018 से 1 दिसम्बर के मध्य होना चाहिए। कक्षा 1 ली के लिए कुल 50 सीट रिक्त है। जिसमें से 25 बालक एवं 25 बालिका वर्ग के हैं। बीपीएल के लिए 25 प्रतिशत सीट आरक्षित है । आवेदन अधिक होने की स्थिति में लॉटरी के माध्यम से शीट आवंटन किया जाएगा।

**समस्या :** बस्तरवासियों को आने वाले समय में गम्भीर पेयजल संकट से जूझना पड़ेगा

# इन्द्रावती-जोरा नाला जल बंटवारे का मुद्दा सुलझा नहीं और उलझा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

बस्तर की प्राणदायनी इंद्रावती नदी सुखने की कगार पर है और नदी के किनारे बसे सैकड़ो गांव में गम्भीर जल सकंट आ गया है। साथ ही किसानों को अपने फसलों के लिए भी पानी नही मिल रहा है। ऐसे में अब बस्तर की प्राणदायनी नदी अपना अस्तित्व खोती जा रही है। वही छतीसगढ़ और ओडिशा सीमा पर बने ग्राम सुतपदर स्थित इंद्रावती नदी-जोरा संगम में बने कंट्रोल स्ट्रेक्चर के जरिये दोनों राज्यो के बीच गैर मानसून पीरियड में 50-50 प्रतिशत जल बंटवारे का विवाद खत्म होता नजर नहीं आ रहा है। बस्तर की ओर मिलने वाला पानी को भी ओडिशा सरकार के द्वारा रोका जा रहा है।

- जल्द ही इस मामले में परिणाम बस्तर के हित मे आएगा और दूर होगा जलसंकट : केदार
- प्रशासन किसानों की बातों पर अमल नहीं किया तो अम्बेडकर जयंती बाद होगा बड़ा आंदोलन




इधर भीषण जल संकट को लेकर पूर्व विधायक रेखचन्द जैन ने जल संसाधन मंत्री केदार कश्यप पर आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि मंत्री को बस्तर की चिंता बिल्कुल नहीं है। अब तो ट्रीपल इंजन कि सरकार भी बन गई है बावजूद बस्तर के हक का पानी क्यों नही दिया जा रहा है। इंद्रावती को लेकर मंत्री केदार कश्यप ने बताया कि जोरा नाला की मसले पर ओडिशा के मुख्यमंत्री से लगातार बातचीत की जा रही है। और जल्द ही इस मामले में परिणाम बस्तर के हित में आएगा और बस्तर में जल्द ही जल संकट दूर हो जाएगा। बता दें कि ओडिशा और छतीसगढ़ सरकार के बीच जल समझौता काफी वर्ष पहले हुआ था और बार्डर पर आने वाला पानी को दोनों राज्यों को 50-50 फीसदी दिया जाना था लेकिन बस्तर को कुछ फीसदी पानी ही दिया जा रहा है जिससे इंद्रावती सूख गई हैं। इन्द्रावती नदी सूखने के कगार पर है,इन्द्रावती नदी बचाओ संघर्ष समिति के अध्यक्ष लखेश्वर कश्यप ने बताया जल समस्या को लेकर समिति जनवरी के शुरुआती दौर से प्रशासन और बस्तर के समस्त जनप्रतिनिधियों का ध्यानाकर्षण किया जा रहा है। बावजूद आज तीन माह पूरा होने के बाद भी बस्तरवासियों के लिए पानी की समस्या बनी हुई है। इसके चलते पेयजल,निस्तारीऔर खेतों में सिंचाई सुविधा बेहाल है। किसानों ने कहा कि यदि पानी समस्या दूर होगी तो अम्बेडकर जयंती के बाद बड़ा आंदोलन करने पर बाध्य होना पड़ेगा।

### *चित्रकोट जलप्रपात की धार पतली*

*इन्द्रावती नदी सूखने की स्थिति में आने के बाद विश्व प्रसिद्ध चित्रकोट जलप्रपात की धार पतली हो गई है। घोड़े की नाल के आकार से 90 फ़ीट ऊपर से पानी गिरने का दृश्य लोगों को आकर्षित करने वाला भारत का नियाग्रा के नाम से चर्चित चित्रकोट वाटरफाल का वर्तमान दृश्य देखकर अचरज होता है। वाटरफाल से चारो तरफ से 90 फ़ीट नीचे गिरने वाला पानी एक ही स्थान से गिरना पर्यटकों को भी अचंभित करता है।*

### *कुड़कानार एनीकट का गेट खोलने से मिलेगा राहत*

*इन्द्रावती नदी के पुराने पुल एनीकट का 4 गेट खोला गया है। नदी के डाउन लेवल में कुड़कानार में बने एनीकट का गेट बंद रखा गया है। इसके चलते नदी के डाउन लेवल के अनेक गांव में गम्भीर समस्या बनी है। प्रशासनसमस्या बनी है। प्रशासन से मांग है,कि कुड़कानार एनीकट का दो गेट खोले। ताकि ग्रामीणों को पेयजल की समस्या दूर हो सके।से मांग है,कि कुड़कानार एनीकट का दो गेट खोले। ताकि ग्रामीणों को पेयजल की समस्या दूर हो सके।*

***गणेश कश्यप,** अध्यक्ष, इन्द्रावती नदी बचाओ संघर्ष समिति*

# वन्य प्राणियों को पानी देने 4 - 4 किमी में निर्माण किए गए तालाब




अलग खबर

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

बस्तर संभाग के इंद्रावती टाइगर रिजर्व बीजापुर द्वारा वन्य प्राणियों के अनुकूल बनाने के लिए घास एवं गर्मी में वन्य प्राणियों को पानी देने के लिए 4-4 किमी में तालाब का निर्माण कराया गया। रिजर्व के रिक्त भूमि में घास का मैदान विकसित किया ताकि वन्यप्राणी इसे अपने अनुकूल मानकर बसेरा बना सके। नरवा विकास कार्य के अंतर्गत परिसर मोरमेड़ के नेलकोय नाला में चेक डेम (तालाब) निर्माण कार्य किया गया। बाघों के लिए ग्रामीणों के साथ मिलकर जंगल में बाघों के रहवास वाले इलाके में जाकर उनके काम कर रही है। बताया जा रहा है कि पहले वन्य प्राणी बसाहट की वजह से मनुष्य, गाय-भैंस एवं कुत्तों को देखकर सहम जाते थे। अब यहां उनके अनुकूल घास के मैदान एवं पानी के लिए तालाब हैं, जिससे शाकाहारी जानवरों की संख्या भी तेजी से बढ़ने की संभावना है। इसके अलावा टाइगर रिजर्व बीजापुर के विशेषज्ञ सूरज नायर ने गिद्धों के संरक्षण के लिए रिजर्व से सटे गांव में ग्रामीणों में जागरूकता का प्रचार-प्रसार कर रहे हैं।

- इंद्रावती टाइगर रिजर्व में वन्य प्राणियों के लिए घास व तालाब की सुविधा

### *ग्रामों में प्रचार-प्रसार*

*इन्द्रावती टाइगर रिजर्व बीजापुर के उप निदेशक संदीप बलगा ने बताया कि रिजर्व में रहवास वन्य प्राणियों के लिए सटे हुए गांवों में ग्रामीणों का प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। ग्रामीणों को बताया जा रहा है कि वन्य प्राणियों को मारे नहीं बल्कि सूचना दें, जिससे बचा सकें।*

### *नाला बंधान कार्य करें*

*इंद्रावती टायगर रिजर्व के मुख्य वन संरक्षक (वन्य जीवन) और क्षेत्रीय निदेशक आरसी दुग्गा ने गर्मियों में वन्य प्राणियों को अधिक समय तक पानी उपलब्ध कराने के लिए बहते हुए नालों में सिमेंट की खाली बोरियों में रेत भरकर नाला बंधान कार्य करने के निर्देश दिए।*

# निगरानी टीम ने किया ऑयलपॉम प्रक्षेत्रों का भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर



राष्ट्रीय स्तर निगरानी टीम ने 9 अप्रैल को बस्तर जिले के विकास खण्ड दरभा के ग्राम तीरथगढ़ एवं केलाउर, विख तोकापाल के ग्राम मण्डवा, एवं वि.ख. बास्तानार के ग्राम मूतनपाल के सामूहिक ऑयलपॉम प्रक्षेत्रों का भ्रमण किया।

भ्रमण के दौरान पौधो का निरीक्षण एवं हितग्राही कृषकों से प्रमुख समस्याओं पर चर्चा की गई। कृषकों द्वारा नलकूपों में पानी की कम उपलब्धता, सभी प्रक्षेत्रों में विद्युत विभाग द्वारा विद्युत लाईन विस्तार न करने के कारण पर्याप्त सिंचाई न कर पाने, चूहों द्वारा पौधों को क्षति पहुंचाने, प्रक्षेत्र में पैक हाउस की मांग से अवगत कराया गया।

निगरानी दल द्वारा जल स्तर को ऊपर उठाने हेतु ऑयलपॉम योजना के प्रावधान अनुरूप छोटे-छोटे तालाब निर्माण करने, जिला प्रशासन को प्रस्ताव भेजकर ड्रिप संयंत्र के माध्यम से पौधों को जल उपलब्ध कराने, प्रत्येक 3 माह में फोरेट तथा खाद डालने, पौधों के थाले बनाने, सिंचाई नाली को दूर से बनाने एवं अन्तवर्तीय फसल के रूप में सूरज मुखी, उड़द, मूंग, मूंगफली एवं सब्जियों की फसले लगाने हेतु सुक्षाव दिया गया। कुछ कृषकों द्वारा चर्चा में बताया गया कि उनके द्वारा मक्का की फसल लगाई गई थी टीम द्वारा मक्का फसल लगाने से चूहों का प्रकोप बढ़ने की जानकारी दी गई एवं भविष्य में मक्का फसल न लगाने का सुक्षाव दिया गया। निगरानी टीम में डॉ. ए.के. शिवहरे (टीम लीटर) दलहन विकास निदेशालय भारत सरकार, डॉ. बीना सिंह वैज्ञानिक (सदस्य) इं.गा.कृ.वि.वि. रायपुर, डॉ. के.पी. सिंह वैज्ञानिक सदस्य म.गां.उ. एवं वा. वि.वि. रायपुर, प्रतीक्षा बंजारे सहायक संचालक उद्यान सेंटर ऑफ एक्सीलेंस रायपुर शामिल रहे।

- नलकूपों में पानी की कमी और अन्य समस्याओं पर किसानों से विचार विमर्श

# 5 रुपए में मिलेगा भरपेट भोजन महापौर, आयुक्त ने लिया जायजा

**जगदलपुर।** शहीद वीर नारायण सिंह श्रम अन्न योजना का संचालन जल्द ही शहर में शुरू किया जाएगा। इसके लिए संजय मार्केट पुलिस चौकी के निकट होलसेल सब्जी मार्केट के प्रथम तल को चयनित किया गया है। श्रम पदाधिकारी कार्यालय से निगम आयुक्त को एक पत्र भी जारी किया गया है। इस योजना के तहत निर्धन परिवार के सदस्यों को किफायती दर में भोजन उपलब्ध कराया जाएगा। जिसके तहत गरीबों को भरपेट भोजन पांच रुपए में मिलेगा। भोजन में पका हुआ चावल, दाल, सब्जी, अचार सहित अन्य चीजें दी जाएगी। कुछ जिलों में यह योजना काफी कारगर साबित हुआ जिसका विस्तार अन्य जिलों में किया जाना है, जिसमें बस्तर जिला भी शामिल है। इस योजना के तहत श्रम विभाग के अंतर्गत छत्तीसगढ़ भवन एवं सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल में पंजीकृत श्रमिकों को योजना का लाभ मिलेगा। यदि कोई निर्माण श्रमिक है किंतु उसका पंजीयन नहीं हुआ है तो वे श्रमिक भी पात्र होंगे परंतु उन्हें भी संबंधित मंडल में पंजीयन कराना आवश्यक होगा। समय-समय पर अधिकारियों द्वारा भोजन की गुणवत्ता का परीक्षण भी किया जाएगा। महापौर संजय पाण्डे अपने एमआईसी सदस्य व पार्षदों के साथ स्थल का जायजा लेने पहुंचे थे। उनके साथ निगम आयुक्त प्रवीण कुमार वर्मा सहित नगर निगम के स्टाफ मौजूद रहे। संजय पाण्डे ने कहा शहीद वीर नारायण सिंह श्रम अन्न योजना उन श्रमिकों एवं गरीबों के लिए कारगर साबित होगा जिन्हें 5 रुपए में भरपेट भोजन मिलेगा। यह योजना श्रम विभाग व नगर निगम के माध्यम से संचालित की जाएगी। महापौर के साथ निर्मल पाणिग्रही, संजय विश्वकर्मा, लक्ष्मण झा, पंकज आचार्य, कृष्णा ठाकुर, विरेंद्र जोशी, निगम स्टाफ उपस्थित रहे।



# नो-पॉर्किंग व ओवरलोड वाहनों पर उड़नदस्ता कर रही सख्ती



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

परिवहन विभाग के उड़नदस्ता प्रभारी की टीम वर्तमान में बस्तर संभाग के सभी सड़कों में नो-पॉर्किंग एवं ओव्हरलोड वाहनों पर सख्ती कर रही है। इसके अलावा ट्रकों में रेत, गिट्टी, मुरूम परिवहन करने से दूसरे वाहनों लोगों परेशानी हो रही है। ऐसे ट्रकों पर जुर्माना किया जा रहा है। साथ ही सीमावर्ती राज्यों ओडिशा, आंध्रप्रदेश एवं तेलंगाना की वाहनों बेखौफ परिवहन नियमों का उल्लंघन कर रहे हैं। इस पर परिवहन विभाग के आयुक्त के निर्देश पर उड़नदस्ता प्रभारी की टीम ऐसे वाहनों की जांच की जा रही है। लालबाग, आनंद ढाबा, बोधघाट एवं एनएच, सरगीपाल रोड के दोनों ओर नो-पार्किंग में ट्रकों के खड़ी रखने से जहां दुर्घटना की संभावना रहती है और आवागमन जाम से लोगों को परेशानी हो रही है। इस पर उड़नदस्ता प्रभारी की टीम ने कार्रवाई की जा रही है। साथ ही स्कूल बसों की भी जांच की जा रही है, स्कूल प्रबंधन को नोटिस दिया जाएगा।

### वाहनों पर हो रही कार्रवाई

परिवहन विभाग के उड़नदस्ता प्रभारी एवं निरीक्षक अनिल गारदे ने बताया कि जांच के दौरान कार्रवाई की जा रही है। दूसरी बार परिवहन नियमों का उल्लंघन करने पर वाहन जप्त कर कोर्ट भेजा जाएगा।



# पहले दिन मिले 10 हजार 571 आवेदन, समाधान पेटी में जमा कर रहे मांग एवं समस्याओं संबंधी पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोण्डागांव

आम नागरिकों के समस्याओं के निराकरण के लिए कोण्डागांव जिले में सुशासन तिहार का शुभारंभ हो गया है। प्रथम चरण में आम जनता से उनकी मांगों एवं समस्याओं को लेकर आवेदन प्राप्त करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। सुशासन तिहार जनसमस्याओं के त्वरित समाधान, जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा और जन संवाद को सशक्त बनाने के उद्देश्य से तीन चरणों में आयोजित किया जा रहा है।

अलग खबर

इसके अंतर्गत जिला कार्यालय, विकासखंड कार्यालय, नगरीय निकायों और सभी ग्राम पंचायतों में समाधान पेटी रखी गई है। जहां पहले दिन आज जिले में कुल 10 हजार 571 आवेदन प्राप्त हुए। जिले के ग्रामीण क्षेत्रें से लगभग 10 हजार 440 आवेदन प्राप्त हुए, वहीं शहरी क्षेत्र से कुल 131 आवेदन प्राप्त हुए। इसमें केशकाल से 2395, फरसगांव से 2659, बड़ेराजपुर से 1853, माकड़ी से 1326 और कोण्डागांव से 2207 आवेदन शामिल है। आवेदन प्राप्त करने की प्रक्रिया 11 अप्रैल तक चलेगी और समय सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक आवेदन प्राप्त किए जाएंगे। सुशासन तिहार के पहले दिन जिला कार्यालय में लगाए गए समाधान पेटी का कलेक्टर कुणाल दुदावत ने निरीक्षण किया और प्राप्त आवेदनों की जानकारी ली।

## प्रथम चरण में आम नागरिकों से आवेदन प्राप्त करने की प्रक्रिया शुरू

### सुशासन त्योहार को लेकर ग्रामीणों में उत्साह

सुशासन तिहार के पहले चरण में जिला कार्यालय के साथ ग्राम पंचायतों में ग्रामीणजन अपनी समस्याओं को लेकर पहुंच रहे हैं और अपने आवेदन को समाधान पेटी में डाल रहे हैं। राज्य सरकार की इस पहल से ग्रामीणों को गांव में ही अपनी समस्याओं को अवगत कराने का मौका मिल रहा है, जिससे वे बेहद उत्साहित हैं।



### समस्याओं का होगा समयबद्ध निराकरण

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देशानुसार आयोजित सुशासन तिहार–2025 का उद्देश्य आम जनता की समस्याओं का समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करना, शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा करना तथा विकास कार्यों में गति लाने के साथ ही आम जनता, जनप्रतिनिधियों और विभिन्न सामाजिक संगठनों से सीधा संवाद स्थापित करना है। सुशासन तिहार–2025 का आयोजन तीन चरणों में होगा। पहले चरण में 8 अप्रैल से 11 अप्रैल तक आम जनता से आवेदन प्राप्त किए जाएंगे। दूसरे चरण में लगभग एक माह के भीतर प्राप्त आवेदनों का निराकरण किया जाएगा। तीसरे एवं अंतिम चरण में 5 मई से 31 मई के बीच समाधान शिविरों का आयोजन किया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### भाजपा नेताओं पर दर्ज एफआईआर को सरकार ने लिया वापस



**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ सरकार ने विभिन्न जिलों में दर्ज 103 गैर-गंभीर राजनीतिक प्रकरणों की वापसी का निर्णय लिया है। न्यायालय से विधिवत स्वीकृति मिलने के पश्चात 41 प्रकरणों में अभियुक्तों को राहत प्रदान की गई और संबंधित पुलिस रिकॉर्ड से उनके नाम हटा दिए गए हैं। मिली जानकारी के मुताबिक गत 24 अगस्त 2022 को भारतीय जनता पार्टी एवं भाजपा युवा मोर्चा द्वारा बेरोजगारी भत्ता एवं अन्य मांगों के संबंध में मुख्यमंत्री निवास घेराव रायपुर में किया गया था। भाजपा युवा मोर्चा बस्तर जिला अध्यक्ष एवं अन्य व्यक्तियों द्वारा बैरिकेड तोड़कर मुख्यमंत्री निवास घेराव करने धक्का और दुव्यवहार करने के कारण युवा मोर्चा के अविनाश श्रीवास्तव, आनंद झा, रितेश दास जोशी और अभिषेक तिवारी के खिलाफ अपराध क्रमांक 262/22 पंजीबद्घ किया गया था जिसे अब न्यायालय ने वापस ले लिया गया है।

### 3 दिन का बस्तर फुड एंड फिल्म फेसटिवल आज से

**जगदलपुर।** शहर के लागू वाटिका में 11 से 13 अप्रैल तक चित्र-विचित्र बस्तर फूड एंड फिल्म फेसटिवल का मनोरंजक कार्यक्रम होगा। जिसमे बस्तर और राज्य के अन्य क्षेत्र के क्रियेटर अपना परफॉमेंस देंगे। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक मनोरंजन की व्यवस्था की गई है। खाओ पिओ और झुमो के इस आयोजन में टिकट लेकर लोग मजा ले सकते है। इसमें स्कूटी और कुछ अन्य इंनाम लकी ड्रा में रखे गये हैं।

### नगरनार में वार्षिक मेला लगेंगा आज

**जगदलपुर।** आज नगरनार मे ग्राम देवी माँ भण्डारीन का वार्षिक मेला होगा। जिसमें 2 राज्य छत्तीसगढ़ ओर ओडिसा के ग्रामीण शामिल होगें। मेला आयोजन समिति के अध्यक्ष रैनू बघेल ने बताया कि देवी मंदिर में विधि-विधान के साथ पूजा अर्चना होगी बाद में रथयात्रा में बस्तर महाराजा शामिल होंगे। पूरी रात बस्तर और ओडिशा का नाट्य दल कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे । शानदार प्रस्तुति के लिए नाट्य दल को इनाम भी दिए जाएंगे।

## जयंती : महावीर जयंती पर जैन समाज ने निकाली शोभायात्रा

# जियो और जीने दो के संदेश को जन-जन तक पहुंचना व उसका अनुसरण करना ही उद्देश्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारायणपुर

- बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए मरीजों को फल का वितरण किया

नक्सल प्रभावित जिले में गुरुवार को महावीर जयंती के अवसर पर प्रतिवर्ष की भाति इस वर्ष भी जैन समाज द्वारा जैन मंदिर से शोभायात्रा निकाली गई। शहर के विभिन्न चौक चौराहों से होते हुए भगवान महावीर द्वारा दिए गए उपदेश को बताया। महावीर स्वामी के जयकारे के नारे लगाते हुए यह शोभायात्रा वापस जैन मंदिर पहुची । कल 108 देशों में नवकार मंत्र का जाप करके अहिंसा परमो धर्म का संदेश देकर विश्व में अमन चैन शान्ति की कामना की है ।

नगर में शोभायात्रा निकालकर जैन समाज ने देश और क्षेत्र में अमन-चैन हो और जियो और जीने दो भगवान महावीर के संदेश को जन जन तक पहुंचना है। साथ ही यह भी उद्देश्य रहा कि इसका अनुसरण करें। इस शोभायात्रा मे जैन समाज के सभी वर्ग के बच्चे , बुजुर्ग , महिला और युवा लोगों ने हिस्सा लिया । महावीर जयंती के अवसर पर बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रम, भवन में भक्ति साधना के साथ अस्पताल में मरीजों को फल वितरण किया गया । जवरीलाल चौरडिया ने बताया कि महावीर स्वामी के जन्मोत्सव को जैन समाज द्वारा बड़ी धूमधाम से मनाया गया । सुबह जैन मंदिर से शोभायात्रा निकाली गई जो भारत माता चौक , पुराना बस स्टैंड , जय स्तम्भ चौक , गायत्री मंदिर रोड , पाठक चौक , होते हुए वापस जैन मंदिर पहुंची । जिसमें समाज के सभी वर्ग के लोगो ने बढ़चढ़कर हिस्सा लिया । शोभायात्रा के बाद सामाजिक भोज के साथ ही अस्पताल में मरीजों को फल वितरण किया गया । भगवान महावीर के दिए गए संदेश को जीवन में अपनाके उनका पालन करने की प्रेरणा सभी को दी जाती है ताकि उनके जियो और जीने दो के संदेश जन जन तक पहुंच सके ।



### ये रहे मौजूद

*शोभायात्रा में समाज के वरिष्ठ रानीदान देशलहरा , भवर लाल गोलछा , मगराज जैन , इंदर चंद जैन , धनराज जैन , मोहनलाल देशलहारा , मंगल चंद जैन , जवरीलाल , शांति लाल संचेती , युधिष्ठिर जैन , महावीर चंद लालवानी , उत्तम चंद जैन, राकेश जैन , तरुण जैन , नवीन जैन , पंकज जैन , पिंगल जैन , प्रथम जैन , बंटी जैन , कुशल जैन , प्रमोद जैन , डिंपल देशलहारा , राजू देशलहारा , वीर जैन , राजू गोलछा , संतोष गोलछा सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे ।*

# प्रभारी सचिव ने कोण्डागांव में विकास कार्यों की समीक्षा की



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोण्डागांव

कोण्डागांव जिले के प्रभारी सचिव भीम सिंह ने आज जिला कार्यालय में जिला अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने सुशासन तिहार और राजस्व पखवाड़ा के तहत प्राप्त आवेदनों को गंभीरता से निपटाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अधिकारी फील्ड विजिट करें और ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान करें। प्रभारी सचिव ने प्रधानमंत्री आवास योजना की प्रगति की समीक्षा की और आवास निर्माण में तेजी लाने के लिए राजमित्रियों को प्रशिक्षित करने का सुझाव दिया। उन्होंने कृषि विभाग को प्रधानमंत्री कृषि सम्मान निधि योजना के तहत किसानों का ईकेवायसी पूरा कराने और केसीसी के तहत ऋण प्रदान करने के लिए शिविर आयोजित करने के निर्देश दिए। उन्होंने जल जीवन मिशन के कार्यों में तेजी लाने और जल संरक्षण के उपाय करने पर भी जोर दिया।

कलेक्टर कुणाल दुदावत ने सुशासन तिहार और राजस्व पखवाड़ा की प्रगति की जानकारी दी। जिला पंचायत सीईओ ने प्रधानमंत्री आवास योजना की प्रगति बताई। बैठक में मनरेगा, स्वच्छ भारत मिशन, स्वास्थ्य, शिक्षा, महिला एवं बाल विकास और अन्य योजनाओं की भी समीक्षा की गई। प्रभारी सचिव ने सभी अधिकारियों को योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# भूतपूर्व सैनिक सेवा परिषद ने मनाई मंगल पांडे की पुण्यतिथि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोण्डागांव

अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद कोंडागांव द्वारा आज महान स्वतंत्रता सेनानी मंगल पांडे की पुण्यतिथि श्रद्धा व सम्मान के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत वीर क्रांतिकारी मंगल पांडे के छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर एवं दीप प्रज्वलित कर की गई। इसके पश्चात मंगल पांडे अमर रहे और भारत माता की जय के गगनभेदी नारों से वातावरण गूंज उठा।



**1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम में निभाई अहम भूमिका** – इस अवसर पर बस्तर संभाग प्रभारी सुब्रत साहा ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि मंगल पांडे भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के पहले क्रांतिकारी थे, जिन्होंने 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम में अहम भूमिका निभाई। वे ईस्ट इंडिया कंपनी की 34वीं बंगाल इंफेन्ट्री के सिपाही थे। अंग्रेजों ने उन्हें बागी कहा, लेकिन भारतवासी उन्हें स्वतंत्रता संग्राम के अग्रदूत के रूप में स्मरण करते हैं। जिलाध्यक्ष सूरज यादव ने भी युवाओं को 1857 की क्रांति की जानकारी देते हुए बताया कि यह देशव्यापी सशस्त्र विद्रोह था। जिसमें सैनिकों और स्वाभिमानी रियासतों ने बढ़–चढ़कर भाग लिया। इस आंदोलन का सूत्रपात मंगल पांडे जैसे जांबाज़ सिपाही ने किया।

**ये रहे उपस्थित** – कार्यक्रम में परिषद के संरक्षक सुब्रत साहा, जिलाध्यक्ष सूरज यादव, उपाध्यक्ष अजनेर लकड़ा सहित निःशुल्क सैन्य प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे युवक–युवतियां बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। सभी ने मंगल पांडे के जीवन से प्रेरणा लेकर देशसेवा और राष्ट्रभक्ति के संकल्प को दोहराया।

# बहीगांव शिव मंदिर शेड व तालाब में वाल निर्माण का किया भूमिपूजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरसगांव

केशकाल क्षेत्र के बहीगांव के प्राचीन शिव मंदिर में क्षेत्र की जनता एवं भक्तजनों द्वारा निर्माण कार्य के लिए लंबे समय से मांग की जा रही थी। जनता की बहुप्रतीक्षित मांग को पूरा करते हुए क्षेत्रीय विधायक नीलकंठ टेकाम ने बहीगांव के शिव मंदिर में शेड निर्माण स्वीकृत किया। साथ समीप में स्थित तालाब में वाल निर्माण की स्वीकृति प्रदान किया। जिससे श्रद्धालुओं को पूजा पाठ के अवसरों में बैठने एवं भजन कीर्तन करने में सहयोग मिलेगा। बहुप्रतीक्षित मांग पूर्ण होने पर क्षेत्र की जनता एवं श्रद्धालुओं में हर्ष व्याप्त है । गुरुवार को मंदिर के भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान उपस्थित मंदिर पुजारी नारायण सिंह एवं ग्राम के वरिष्ठ नागरिकजन सतीश पाठक, बोधन सिंह नेताम,सरपंच प्रतिनिधि कैलाश रावटे,लोकेश नेताम, रमेश कुमार,जनपद सदस्य हितेश नेताम,कन्हैया रावटे,गोलू पांडे उपस्थित रहे एवं इस सौगात के लिए क्षेत्रीय विधायक का आभार व्यक्त किए।

**विधायक की शिवमंदिर को सुदृढ़ करने की बात हो रही पूरी**– क्षेत्र क्रमांक 09 के जनपद सदस्य हितेश नेताम ने बताया कि विधानसभा चुनाव के दौरान क्षेत्रीय विधायक ने इस शिव मंदिर को सुदृढ़ करने की बात कही थी, जो आज पूरी होती नजर आ रही है। निर्माण कार्य पूर्ण होने पर विधायक को ग्रामवासियों द्वारा आंमत्रित कर धन्यवाद ज्ञापित किया जाएगा ।

# युवा किसान बना प्रेरणास्रोत, मशरूम की खेती से बेरोजगारी को दे रहा मात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोण्डागांव

कोंडागांव जिले के माकड़ी ब्लॉक की ग्राम पंचायत बागबेड़ा का एक युवा किसान आज कई युवाओं के लिए प्रेरणा बन गया है। यह युवक मशरूम की खेती कर न केवल आत्मनिर्भर बना है, बल्कि कोंडागांव की साप्ताहिक बाजार में अपनी मेहनत की उपज बेचकर दूसरों को भी स्वरोजगार के लिए प्रेरित कर रहा है। मशरूम 200 प्रति किलो की दर से बिक रहा है। यह दर बाजार की आम सब्जियों की तुलना में कहीं अधिक है। राज्य में पिछले कुछ वर्षों में मशरूम उत्पादन में उत्साहजनक वृद्धि देखने को मिली है। राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न कृषि प्रशिक्षण केंद्रों और महिला स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से बड़ी संख्या में ग्रामीणों को मशरूम उत्पादन का प्रशिक्षण दिया जा रहा है।



**कम लागत, अधिक मुनाफा** – मशरूम की खेती विशेष रूप से उन किसानों के लिए उपयुक्त है, जिनके पास कम भूमि है। यह कम समय में तैयार हो जाती है और इसकी देखरेख भी तुलनात्मक रूप से आसान होती है। यह व्यवसाय कम निवेश में शुरू किया जा सकता है और थोड़े से प्रशिक्षण से कोई भी व्यक्ति इसे सीख सकता है। यह युवक न केवल अपनी जीविका चला रहा है, बल्कि वह समाज के उन युवाओं को एक रास्ता दिखा रहा है जो रोजगार की तलाश में हैं। आज जब बेरोजगारी एक बड़ी समस्या बन चुकी है, तब इस तरह के नवाचार और प्रयास समाज के लिए आशा की किरण हैं।

- माकड़ी ब्लाक के ग्रापं के बागबेड़ा का है निवासी
- दो सौ रुपए प्रति किलो की दर से बेचा जा रहा

**संजय बना लोगों के लिए प्रेरणास्रोत** – कोंडागांव के इस युवा किसान की कहानी न केवल प्रेरणादायक है, बल्कि यह प्रमाण है कि यदि इरादे मजबूत हों और मेहनत की जाए, तो किसी भी क्षेत्र में सफलता संभव है। ऐसे युवाओं को समाज और प्रशासन से पूरा सहयोग मिलना चाहिए ताकि वे औरों के लिए भी प्रेरणा बन सकें।

# ग्रामीणों को ठगी से बचाने दी गई उपयोगी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

जिला पंचायत बस्तर के सभागार में साइबर क्राइम और वित्तीय साक्षरता विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण समुदाय को डिजिटल लेनदेन की सुरक्षा, साइबर अपराध से बचाव और वित्तीय जागरूकता के प्रति सचेत करना है। कार्यशाला जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रतीक जैन के मार्गदर्शन में एनआरएलएम टीम के सहयोग से किया गया। कार्यशाला में राज्य वित्तीय समावेशन समन्वयक एवं नीति आयोग के विकास समन्वयक ने विशेष रूप से भाग लेते हुए प्रतिभागियों को साइबर सुरक्षा से संबंधित जानकारी प्रदान की। कार्यशाला के दौरान साइबर अपराध के विभिन्न तरीकों जैसे फर्जी ओटीपी, लिंक, मोबाइल एप्लिकेशन और कॉलिंग फ्रॉड आदि से सावधान रहने के उपायों पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डाला गया। कार्यशाला में एनआरएलएम के पीआरपी सहित वरिष्ठ अधिकारियों और एनआरएलएम अमले की सक्रिय भागीदारी रही।




कार्यशाला में राज्य वित्तीय समावेशन समन्वयक खगेन्द्र कुमार ने बताया कि आज के डिजिटल युग में साइबर सुरक्षा केवल तकनीकी विषय नहीं, बल्कि एक अनिवार्य जीवन-कौशल है। उन्होंने बताया कि पासवर्ड साझा न करना, अंजान लिंक पर क्लिक न करना और बैंक प्रतिनिधि बनकर आए किसी भी व्यक्ति को जानकारी न देना जैसे सावधानियां अपनाकर हम साइबर धोखाधड़ी से स्वयं को सुरक्षित रख सकते हैं। इस प्रकार की कार्यशाला न केवल ग्रामीण समुदाय को जागरूक करती हैं बल्कि, उन्हें सशक्त भी बनाती हैं। उन्होंने भविष्य में भी इस तरह के कार्यक्रमों को लगातार आयोजित करने की बात कही।

### शंकाओं का किया गया समाधान

कार्यशाला के अंतिम सत्र में प्रतिभागियों के साथ संवाद कर उनकी शंकाओं का समाधान किया गया। इसके साथ ही उन्होंने जो कुछ सीखा, उसका प्रस्तुतीकरण भी किया गया, जिससे प्रतिभागियों की समझ और जागरूकता का आकलन किया जा सका। उक्त विषय पर आगामी दिनों में पीआरपी द्वारा गहन प्रशिक्षण व जानकारी सभी सामुदायिक संवर्गो को पंचायत स्तर पर दी जाएगी।

# मिट्टी की उर्वरा शक्ति को बढ़ाने के लिए फसल चक्र जरूरी, लाभदायक सूक्ष्मजीव के साथ किसान करें खेती

**कोण्डागांव।** भारतीय कृषि अनुसन्धान परिषद् राष्ट्रीय कृषि उपयोगी सूक्ष्मजीव ब्यूरो कुशमैर, मऊ उप्र एवं इंदिरा गाँधी कृषि विश्विद्यालय रायपुर, कृषि विज्ञान केन्द्र कोंडागांव के संयुक्त तत्वावधान में अनुसूचित जनजाति उप योजना अंतर्गत कृषक संगोष्ठी व प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन कृषि विज्ञान केन्द्र कोंडागांव परिसर में संपन्न हुआ।

प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ कलेक्टर कुणाल दुदावत, मुख्य कार्यपालन अधिकारी कोंडागांव अविनाश भोई, आईसीआर–एनबीएआईएम के प्रमुख वैज्ञानिक डॉ. प्रमोद कुमार साहू, आ आईसीआरएनबीएआईएम के एडमीनिस्ट्रेटिव ऑफिसर रजनीश मीना, तरुण साना, जनपद उपाध्यक्ष फरसगांव जदूराम नाग, पूर्वी बोरगांव सरपंच चन्द्रकला नेताम, वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. ओम प्रकाश एवं जिले के किसानो के द्वारा छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया तथा कार्यक्रम की रूपरेखा एवं सूक्ष्मजीव की संक्षिप्त जानकारी वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. ओम प्रकाश ने दिया।



कार्यक्रम की अध्यक्षता कलेक्टर कुणाल दुदावत ने करते हुए कहा की फसल चक्र बहुत जरुरी है मिट्टी की उर्वरा शक्ति को बढ़ाने के लिए दलहन, तिलहन फसल लगाने की जरुरत है। साथ ही लाभदायक सूक्ष्मजीव के साथ खेती करने की सलाह दिया। मुख्य कार्यपालन अधिकारी कोंडागांव अविनाश भोई ने वैज्ञानिक विधि के साथ खेती करने के लिए किसानों को प्रेरित किया। तरुण साणा ने किसानों को आधुनिक पद्धति से फसल परिवर्तन के साथ खेती करने के बारे में कहा। जनपद उपाध्यक्ष फरसगांव जदूराम नाग ने समय समय पर प्रशिक्षण के माध्यम से नए तकनीको के बारे में जानकारी प्राप्त करने के बारे में कहा। आईसीआर–एनबीएएम के आईसीआर–एनबीएआईएम मऊ उ.प्र. के प्रमुख वैज्ञानिक डॉ. प्रमोद कुमार साहू ने कहा की सूक्ष्मजीव ब्यूरो पूरे भारत वर्ष के लिए काम करता है। साथ ही साथ पूरे विश्व में इसकी संस्था स्थापित है। उन्होंने बताया की लाभदायक सूक्ष्मजीव पौधों और मिट्टी के बीच का माध्यम है जो ज्यादा से ज्यादा मात्र में पौधों के लिए पोषक तत्त्व प्रदान कराता है।मिट्टी को मजबूत बनता है। साथ ही साथ बीज बुआई के पूर्व बीजों का शोधन बहुत जरुरी है इससे फसल गुणवत्ता बढ़ता है।

## खबर संक्षेप

### 25 बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण कर दी गई दवा



**बस्तर।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र आयुष केंद्र केसरपाल में महिला बाल विकास विभाग के द्वारा संचालित पोषण पखवाड़ा के अंतर्गत बाल संदर्भ योजना के तहत डॉ. हेमंत यादव आयुष चिकित्सक अस्पताल प्रभारी केसरपाल के द्वारा तहत 25 बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण कर औषधि प्रदान की गई। जिसमें एक गंभीर एवं 24 मध्य कुपोषित बच्चे पाए गए गंभीर बच्चों को एनआरसी भानपुरी ले जाने हेतु प्रोत्साहित किया गया। इस कार्यक्रम में महिला बाल विकास सुपरवाइजर रामेश्री साहू एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सुनीता सेठिया सुनीता पटेल राधा मुक्ता जानकी डिलेश्वरी कामेश्वरी संतोषी गजेंद्री एवं अस्पताल के स्टाफ गीता प्रियंका होमेश डिजेंद्र पद्मिनी नरेंद्र लेखन आदि ने सहयोग किया।

### विपश्यना ध्यान परिचय कार्यक्रम कल

**दंतेवाड़ा।** जन सामान्य को विपश्यना ध्यान से परिचित कराने के लिए जिला पंचायत दंतेवाड़ा द्वारा 12 अप्रैल को प्रातः 7 बजे से 8 बजे इनडोर स्पोर्ट्स स्टेडियम , जिला अस्पताल के सामने दंतेवाड़ा में विपश्यना ध्यान परिचय कार्यक्रम आयोजित किया गया है। कार्यक्रम का संचालन छत्तीसगढ़ में विपश्यना ध्यान केंद्रों के केंद्र आचार्य सीताराम साहू करेंगे। इसमें दस दिवसीय विपश्यना ध्यान शिविर के बारे में जानकारी देंगे तथा विपश्यना ध्यान के प्रथम सोपान आनापान ध्यान का अभ्यास करवाएंगे।

### विधायक ने की ग्रामीणों की जल समस्या दूर



**लोहंडीगुड़ा।** विकासखंड लोहंडीगुड़ा के ग्राम पंचायत कस्तूरपाल के ग्रामीणों ने पानी की समस्या को लेकर चित्रकोट विधायक विनायक गोयल के पास पहुंचकर बताया कि गांव लिम्बूपदर पारा एवं उप स्वास्थ्य केंद्र में पीने के पानी की समस्या बनी रहती है। विधायक विनायक गोयल ने इस समस्या को तुरंत संज्ञान में लेते हुए स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को निर्देश देते हुए तत्काल बोर खनन करवाया गया। जिससे पानी की समस्या का निराकरण हुआ।



### लिया हुआ आवेदन का होगा जल्द समाधान : बसंत

**लोहण्डीगुड़ा।** आज भारतीय जनता पार्टी चित्रकोट विधानसभा मंडल लोहंडीगुड़ा के द्वारा प्रदेश एवं जिला संगठन के आव्हान पर भारतीय जनता पार्टी स्थापना दिवस से 14 अप्रैल तक गांव चलो अभियान पर ग्राम पंचायत गढ़िया के कोकडीगुड़ा पारा में लोगों से संबंधित समस्याओं प्रधानमंत्री आवास योजना,जनधन योजना, आयुष्मान योजना,महतारी वंदन योजना,किसान सम्मान निधि, नल जल योजना, पुलिया,सीसी रोड,नाली इन सभी समस्याओं को सुनकर लोगों को अधिक से अधिक शिकायत पत्र व मांग पत्र पर सुशासन तिहार पर लोगों को जागरूक किया गया। ग्राम पंचायत गढ़िया के कोकडीगुड़ा पारा पर पानी की समस्या को देखते हुए जनपद उपाध्यक्ष डॉ. बसंत कश्यप ने तत्काल पानी टैंकर की व्यवस्था करने को लेकर आश्वासन दिया और कहा सभी को लाभ पहुंचे

# जैन समाज ने निकाली महावीर की भव्य शोभायात्रा

अहिंसा के संदेश के साथ मनाई गई महावीर जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम





महावीर जयंती के अवसर पर गीदम नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें सामाजिक एकता का परिचय देते हुए श्वेतांबर एवं दिगंबर जैन समाज के लोगों ने सामूहिक रूप से भगवान महावीर की पूजा अर्चना करते हुए शोभायात्रा निकाली।

इसमें विशेष रुप से माहेश्वरी समाज के लोग भी सम्मिलित हुए। इस शोभायात्रा में प्रमुख रूप से जैन श्रीसंघ गीदम के सभी सदस्य उपस्थित थे। सामुहिक रूप से मनाने के कारण बड़ी संख्या में महिला, पुरुष एवं नन्हें-मुन्ने बच्चे हाथ में अहिंसा ध्वज लिए पूरे नगर में भ्रमण किये। साथ ही अहिंसा परमो धर्म एवं जियो और जीने दो जैसे संदेशों से समूचा वातावरण गुंजायमान था। शोभायात्रा पार्श्वनाथ भगवान के मंदिर से प्रारंभ होकर मुख्यमार्ग गीदम, हारम से होते हुए ओसवाल भवन गीदम में समाप्त हुई।

इस अवसर पर संघ अध्यक्ष विमल सुराना ने कहा कि भगवान महावीर के आदर्शों पर चलकर ही हम सच्चे मन से उनकी जयंती मना सकते है। एकदिन की आराधना के साथ-साथ आपको अपने पूरे जीवन में उनके दिखाए रास्तों पर चलना चाहिए। ऐसा करके आप अपने जीवन को सफल बना सकते है। साथ ही उन्होंने शुभकामना देते हुए उनके दिखाए हुए सत्य, अहिंसा और सेवा के मार्ग पर चलने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि मानव जीवन हमे सेवा करने का अवसर प्रदान करता है इसलिए इसे व्यर्थ न जाने दे।

गौरतलब है कि सकल जैन श्री संघ के युवाओं के द्वारा योजनाबद्ध तरीके से महावीर जयंती के अवसर पर पूरे दिन कार्यक्रम की व्यवस्था की गयी है। सुबह प्रार्थना के पश्चात सामूहिक शोभायात्रा, भोजन, जैन मंदिरों में पूजा अर्चना, बाबारामदेव मंदिर के सामने शर्बत वितरण एवं रात्रिकालीन भक्ति संध्या का भी आयोजन किया गया है। इस दौरान बड़ी संख्या में जैन समाज के लोग उपस्थित थे।

## राम नवमी बकावण्ड में उत्साह से मनाया गया



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बकावंड

विकासखंड बकावंड की ग्राम पंचायत छोटे देवड़ा में भगवान श्रीरामचंद्र का जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। रामनवमी के अवसर पर छोटे देवड़ा गांव में स्थित माता मंदिर से शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा को पूरे गांव का भ्रमण कराते हुए मातागुड़ी में समापन किया गया। लोगों ने अपने घरों के सामने रामजी की पूजा अर्चना की। भगवान श्रीराम की आकर्षक शोभायात्रा में सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए और डीजे के धुन पर जमकर थिरके। श्रीराम के जयकरो से पूरा छोटे देवड़ा गूंज उठा। शोभायात्रा का आयोजन रामनवमी समिति छोटे देवड़ा द्वारा किया गया था। शोभायात्रा में श्रीराम लला की झांकी के सामने बस्तरिया ढोल बाजा की मधुर धुन पर बड़े हर्षोल्लास के साथ ग्रामीण थिरकते रहे। इस कार्यक्रम में ग्राम के सरपंच संतोष कुमार कश्यप, उप सरपंच राहुल सोनवानी, देवा साहू, अनंत गोयल, माता सिरहा, बालू सिरहा, आठपहरिया, माटी पुजारी व समस्त ग्रामवासी उपस्थित थे।

## महावीर जयंती पर हुआ फल वितरण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| किरन्दुल

लौहनगरी किरन्दुल में महावीर जयंती के अवसर पर गुरुवार शाम 4 बजे जैन समाज के पदाधिकारियों द्वारा किरन्दुल स्थित एनएमडीसी परियोजना अस्पताल जाकर मरीजों को फल वितरित किया गया और चोलनार आश्रम में 70 बच्चों को भी फल व जूस का वितरण किया गया। इस दौरान एनएमडीसी महाप्रबंधक खनन एसके कोचर, किरण जैन, रुपा कोचर,लीला देवी, दीप्ति चौधरी, प्रकाश चंद्र जैन, निश्चल चौधरी, विशाल जैन, ममता जैन, महेंद्र जैन, दिनेश जैन, श्रेयांस जैन, सरला जैन, नीतल स्वेता, पीयूष जैन एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

# बचेली में मनी भगवान महावीर जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बचेली



बचेली में महावीर जयंती पर्व बड़े हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ मनाया गया। भगवान महावीर जैन धर्म के अंतिम 24 वे अध्यात्मिक गुरु थे।

चैत्र माह के शुक्ल पक्ष के त्रयोंदशी तिथि को महावीर जयंती मनाई जाती हैं। इस साल यह तिथि 10 अप्रैल को पड़ी हैं। महावीर स्वामी ने समाज को करुणा प्रेम और आत्मसंयम का सन्देश दिया। उन्होंने बताया की सच्चा सुख बाहरी भोग विलास में नहीं बल्कि आत्मा की शुद्धि और संयमित जीवन जीने में हैं। बचेली में आज महावीर जयंती के उपलक्ष्य में मेन मार्केट में समाज के लोगों द्वारा शीतल पेय एवं खिचड़ी वितरण का कार्यक्रम रखा गया, जहा आने जाने वाले हर राहगीर को शीतल पेय एवं खिचड़ी का वितरण किया गया।

समाज के कार्यकर्ता संजय जैन ने बताया कि महावीर जयंती के उपलक्ष्य में प्रसाद के रूप में आम तौर पर कुछ ख़ास नहीं बांटा जाता हैं। इस दिन लोग भगवान महावीर के जीवन और शिक्षा का सम्मान करते हैं। उनकी शिक्षा को अपने जीवन में लागु करने का संकल्प लेते हैं और संयमित जीवन जीने का प्रण लेते हैं। महावीर जयंती एक महत्वपूर्ण त्यौहार हैं, जो जैन धर्म के तीर्थंकर भगवान महावीर के जन्मदिवस को समर्पित हैं।

कार्यक्रम में चंपालाल जैन, भंवरलाल जैन, किशनलाल जैन, ओम प्रकाश जैन, कपिल कुमार जैन, संजय जैन, धनराज जैन, मनोज जैन, सुनील कुमार जैन, पवन कुमार जैन, दीपक कुमार जैन, तरुण कुमार जैन, मनीष जैन एवं बहुत बड़ी संख्या में जैन महिलाओं की उपस्थिति रही।

### जिपं सदस्य ने सीसी रोड निर्माण का किया भूमिपूजन



**गीदम।** गीदम ब्लॉक के व जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 5 के ग्राम पंचायत छोटे तुमनार व कांदा करका में सीसी सड़क बनाने हेतु भूमिपूजन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से जिला पंचायत सदस्य सुलोचना कर्मा, छोटे तुमनार की सरपंच राधा मौर्य, कांदा करका की सरपंच सुखराम नेताम, गांव के पुजारी, पेरमा, गायता, पटेल, निलधर डेगल, मनकू मौर्य, आशिफ रजा, शिव कुमार मौर्य, दया भास्कर, किशोर जुर्री, युवा टीम एवम ग्रामीणजन उपस्थित रहे। भूमि पूजन को सफल बनाने में सभी लोगों ने अपनी भूमिका निभाई।

# पंचायत सचिवों ने गीदम जनपद के हड़ताल पंडाल में किया रामायण पाठ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम



पंचायत सचिवों की अनिश्चितकालीन हड़ताल विगत 17 मार्च से जारी है। इस दौरान सचिव जिला मुख्यालय व ब्लॉक मुख्यालयों में निरंतर धरना दे रहे हैं। इसी क्रम में बुधवार को सचिवों ने जनपद पंचायत गीदम के हड़ताल पंडाल में रामायण पाठ किया। पंचायत सचिव नियमितीकरण-शासकीयकरण संबंधी एक सूत्रीय मांग को लेकर हड़ताल पर हैं।

इस बीच राज्य सरकार ने लोक सुराज अभियान की शुरुआत कर दी है, जिसका नाम इस बार सुशासन तिहार रखा गया है। इसके जरिए नगरीय व ग्रामीण क्षेत्रों में आम जनता की मांगों व शिकायतों के आवेदन लिए जा रहे हैं, लेकिन पंचायत सचिवों के हड़ताल पर होने से ग्रामीण क्षेत्रों में इन दिनों पंचायत के काम-काज ठप पड़े हुए हैं। दो दिन पहले सोमवार को सरपंच संघ की दंतेवाड़ा जिला इकाई ने धरना स्थल दुर्गा मंडप में पहुंचकर सचिवों के आंदोलन को समर्थन दिया था। सरपंच संघ के चारो ब्लॉक के ब्लॉक अध्यक्षों ने सचिवों की मांग को जायज बताते हुए इसे तत्काल पूरी करने की मांग रखी। साथ ही कहा कि पंचायत सचिवों पर जितना कार्य भार और मानसिक दबाव रहता है, उसे देखते हुए शासन को नियमितीकरण - शासकीयकरण की मांग को तत्काल पूरा करना चाहिए। चुनाव में जब से नए सरपंच चुनकर आए हैं, तब से सचिव हड़ताल पर चले गए हैं। नए सरपंचों को काम करने और कुछ सीखने का मौका ही नही मिल रहा है। विकास कार्य पूरी तरह ठप पड़े हैं। आम जनता अपने काम के लिए भटक रही है।



# सुशासन तिहार में इंद्रावती नदी के प्रभावित किसानों ने उठाया मुद्दा, जल संकट के समाधान की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घाटलोहंगा

सुशासन तिहार के अवसर पर इंद्रावती नदी के प्रभावित किसानों ने गंभीर जल संकट के मुद्दे को उजागर किया है। किसानों ने मांग की है कि उड़ीसा स्थित खातीगुड़ा बांध और भस्केल नदी का पानी इंद्रावती नदी में छोड़ा जाए ताकि उनकी कृषि भूमि में जल की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके। इसके अतिरिक्त, उन्होंने इंद्रावती नदी पर स्थित सभी एनीकेट्स से पानी के 10 प्रतिशत हिस्से को रोतमा, नदिसागर और भोण्ड एनीकेट्स में छोड़ने की भी मांग की है।

युवाओं ने यह भी कहा कि वे सुशासन तिहार के तहत सुशासन पोर्टल पर अपनी शिकायतें दर्ज कर चुके हैं, लेकिन अब तक सरकार ने कोई ठोस कदम नहीं उठाया है। खड़ी फसलें सूख रही हैं, किसान परेशान हैं। यह संकट केवल हमारी आजीविका को खतरे में डाल रहा है, बल्कि यह सुशासन के सिद्धांतों को भी चुनौती दे रहा है युवाओं ने कहा। इंद्रावती नदी से प्रभावित किसानों ने सुशासन तिहार में प्रमुख मांगें रखी हैं जिसमें खातीगुड़ा बांध और भस्केल नदी का पानी इंद्रावती में छोड़ा जाए। जल स्त्रोतों का पानी इंद्रावती नदी के प्रवाह को बेहतर बनाएगा, जिससे सिंचाई के लिए पानी की उपलब्धता बढ़ेगी और फसलें सुरक्षित रहेंगी।

इन क्षेत्रों में पानी की गंभीर कमी है, जिससे किसानों को अपनी फसल की सिंचाई में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। इंद्रावती नदी के किनारे स्थित गांवों में इस समय किसान गंभीर संकट का सामना कर रहे हैं। पानी की कमी के कारण खड़ी फसलें मुरझा रही हैं, जिससे किसानों की आजीविका पर सीधा असर पड़ रहा है। मक्का एवं अन्य फसलों सूख रही हैं और इससे किसानों के सामने आर्थिक संकट पैदा हो गया है।

नारायणपाल के किसान लक्ष्मण बघेल ने कहा कि सरकार ने जल संसाधनों के प्रबंधन में लापरवाही बरती है। हमें यह सवाल उठाना चाहिए कि क्या सुशासन तभी साकार होता है जब केवल नारे लगते हैं, या जब जनता की समस्याओं का समाधान किया जाता है। किसानों ने मुख्यमंत्री, जल संसाधन मंत्री और स्थानीय अधिकारियों से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। उन्होंने कहा कि यदि सरकार ने इस मुद्दे पर गंभीरता से ध्यान नहीं दिया, तो वे बड़े स्तर पर प्रदर्शन करने के लिए तैयार हैं। हमने कई बार प्रशासन से संपर्क किया है, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है।

हम सुशासन तिहार के इस मंच के माध्यम से सरकार से अपील करते हैं कि वे हमारी मांगों पर तुरंत कार्रवाई करें। सुशासन तिहार के इस मंच के माध्यम से किसानों ने यह सवाल उठाया है कि क्या सुशासन तभी साकार होता है जब सरकार नीतियां बनाती है, या जब उन नीतियों का सही ढंग से क्रियान्वयन होता है। किसानों का मानना है कि सुशासन तभी साकार हो सकता है जब सरकार जनता की समस्याओं को प्राथमिकता देती है और उनका समाधान करती है।

# भैंसगांव में पारंपरिक बाली परब का भव्य आगाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोंड



विकासखंड बस्तर के ग्राम पंचायत भैसगांव में पारंपरिक चैत्र मेला का समापन मंगलवार को हर्षोल्लास एवं पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ संपन्न हुआ। समारोह के मुख्य अतिथि बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल रहे, जिनका ग्रामवासियों ने

- कबड्डी फाइनल में बालेंगा ने मधोता को 22 अंकों से दी शिकस्त

पारंपरिक वाद्ययंत्रों और आदिवासी संस्कृति की झलक के साथ भव्य स्वागत किया।

समारोह की शुरुआत में विधायक बघेल ने ग्राम की आराध्य देवी रूपसीला मातागुड़ी में पूजा-अर्चना कर क्षेत्रवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की।

इस दौरान अयोध्या पांडे, बैद्यनाथ मौर्य, हेमराज बघेल, चईत राम, मदन बघेल, फूलसिंह मौर्य, लैखन भारती, सुखचंद बघेल, रामसाय मौर्य, सोनारु मौर्य, एवं समस्त कार्यकर्त्तागण व ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### बालेंगा बनी कबड्डी चैम्पियन मधोता उपविजेता

समापन अवसर पर आयोजित कबड्डी प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में ग्राम बालेंगा और मधोता की टीमों के बीच जोरदार भिड़ंत हुई। मुख्य अतिथि ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर मैच का टॉस कराया। मैच के दौरान दर्शकों में रोमांच चरम पर था। बालेंगा की टीम ने आक्रामक खेल शैली और जबरदस्त तालमेल का प्रदर्शन करते हुए मधोता को 47-25 के बड़े अंतर से हराकर खिताब पर कब्जा जमाया।

### खिलाड़ियों का किया गया उत्साहवर्धन

विजेता और उपविजेता टीमों को विधायक लखेश्वर बघेल द्वारा ट्रॉफी, नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विधायक ने ग्रामीण खेलों के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा, ग्रामीण खेल हमारी सांस्कृतिक विरासत हैं। इनका संरक्षण और बढ़ावा देना हमारी जिम्मेदारी है। इससे न केवल युवाओं को मंच मिलता है बल्कि सामाजिक एकता भी मजबूत होती है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे और पूरे आयोजन का भरपूर आनंद उठाया।

### एमबीबीएस की डिग्री कुलदीप ने प्राप्त किया



**लोहंडीगुड़ा।** संजय कुमार ध्रुव एवं माता सावित्री ध्रुव ग्राम उसरी बेड़ा पोस्ट लोहंडीगुड़ा निवासी के पुत्र कुलदीप ध्रुव जो छत्तीसगढ़ के मेडिकल इंस्टिट्यूट सिम्स बिलासपुर में 2019 में चयन हुआ। उक्त कालेज में अध्यनरत थे। जिन्होंने मार्च 2025 में अपनी एमबीबीएस अध्ययन पूरी कर ली है तथा 4 अप्रैल को सिम्स बिलासपुर में डीन के द्वारा उनके अध्ययन पूर्ण होने के पश्चात उन्हें एमबीबीएस की डिग्री प्रदान की गई।

HEALTH TOWN

K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वस्थ जीवन का राज)
वैद्य-डॉ. पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob.: 9111922122, 9111912122,0771-3558564
पता :- B-22 जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)
उपलब्ध पंचकर्म
- बस्ति
- उत्तर बस्ति
- जानु बस्ति
इत्यादि।

श्री अनंत हॉस्पिटल
बांधा तालाब के सामने, बांधापारा, कोण्डागांव
07786450046, 9111551414
नाक,कान, गला विभाग
- सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
- ऑपरेशन द्वारा इलाज
- नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जाँच
एलर्जी
नेत्र रोग
- आधुनिक कम्प्यूटर द्वारा आंखों की जांच - बिना इंजेक्शन, बिना टांके, आधुनिक मोतियाबिंद शल्यक्रिया - लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा - चश्मा - नासूर की शल्यक्रिया
Dental & Cosmetic Treatments
- टेढ़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
- दांतो की नसों का इलाज
- दांतो की सफाई व चमकाना
- दंत प्रत्यारोपण
- मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

ACE COMBINE HARVESTER
विशेषताएं
- कृषि विभाग द्वारा मान्यता प्राप्त
- 100 प्रतिशत स्वदेशी (भारत में बना हुआ)
- लो मेंटेनेंस : कम लागत में ज्यादा काम
धान, मक्का, सोयाबीन, गेंहू, मूंग आदि की कटाई-मिंजाई के लिए।
100% Swadeshi
अग्रिम बुकिंग प्रारंभ
अधिकृत विक्रेता -
मे. सांई ट्रेक्टर्स सेल्स स्पेयर्स सर्विस
महालक्ष्मी एन्क्लेव के सामने, सिहावा रोड, धमतरी (छ.ग.)
मो. : 7000292192, 9425209243, 9424209243
शाखा : धमतरी रोड, नगरी, जिला-धमतरी
ब्रांच आफिस : जामकोट पारा, मेन रोड, कोण्डागांव

## खबर संक्षेप

### नकटी सेमरा में गांव चलो घर चलो अभियान



**जगदलपुर।** गांव चलो घर चलो अभियान के तहत भारतीय जनता पार्टी नगरनार मंडल पंडित दीनदयाल उपाध्याय टीम के द्वारा ग्राम पंचायत नकटी सेमरा में चौपाल कार्यक्रम किया जा रहा है। अभियान में पदलाम नाग, राजेश शर्मा, जयंती कश्यप, श्रीति शर्मा, विकास सिकदर, दिनेश जाना, वासुदेव, चैतराम, दुशासन नाग, पद्मिनी नाग, गणेश नागवंशी, विषम संगीता महाराणा एवं अन्य कार्यकर्ता एवं ग्रामवासी उपस्थित हुए।

### सांसद का स्कूली बच्चों ने एयरपोर्ट में किया स्वागत



**जगदलपुर।** सुकमा जिले से जगदलपुर पहुंचे सैकड़ो की संख्या में स्कूली छात्र-छात्राओं ने सांसद महेश कश्यप का भव्य स्वागत किया है। दिल्ली प्रवास के बाद गुरुवार को नियमित विमान से जगदलपुर पहुंचे हुए थे। इस दौरान सांसद से मुलाकात कर स्कूली बच्चों ने स्वागत करते हुए केन्द्र सरकार व राज्य सरकार द्वारा जनहित में किये जा रहे कार्यो के लिए उनका आभार जताया है। बच्चों ने वक्फ बोर्ड बिल सहित छत्तीसगढ़ में चलाये जा रहे नक्सल अभियान में मिल रहे सफलता के लिए केन्द्र सरकार के प्रति सांसद को धन्यवाद ज्ञापित किया है। इस दौरान सांसद ने बच्चों का आभार प्रकट किया है और उनके उज्वल भविष्य की कामना की।

### अन्तर्राष्ट्रीय प्रशिक्षक देंगे सॉफ्टबॉल का प्रशिक्षण

**जगदलपुर।** अंतर्राष्ट्रीय सॉफ्टबॉल प्रशिक्षक प्रदीप कुमार साहू द्वारा शहर मे सॉफ्टबॉल का प्रशिक्षण



प्रारंभ किया जा रहा है। सॉफ्टबॉल ओलम्पिक, एशियन गेम्स एवं नेशनल गेम्स में शामिल खेल है। प्रदीप, सॉफ्टबॉल में छत्तीसगढ़ के पहले अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षक हैं, जो कनाडा में आयोजित वर्ल्ड सॉफ्टबॉल चैम्पियनशिप में भारतीय सीनियर दल के प्रशिक्षक थे। उनके प्रशिक्षण में छत्तीसगढ़ ने विभिन्न राष्ट्रीय सॉफ्टबॉल चैम्पियनशिप में पदक जीता है। वर्तमान में वे छत्तीसगढ़ सॉफ्टबॉल के मुख्य प्रशिक्षक एवं चयनकर्ता है। बस्तर क्षेत्र के नैसर्गिक प्रतिभावन बच्चों को सॉफ्टबॉल खेल में पारंगत करने एवं बस्तर क्षेत्र के बच्चों और युवाओं को राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर तक पहचान दिलाने के उद्देश्य से यह प्रशिक्षण प्रारम्भ किया जा रहा है। साथ ही प्रशिक्षण के माध्यम से बच्चों में फिजिकल एक्टिविटि, मानसिक स्वास्थ्य, खेल के प्रति रुझान, अनुशासन , बच्चों में मोबाइल की लत से दूरी बनाने एवं खेल को प्रोफेसनल तौर पर अपनाने हेतु प्रेरित किया जाएगा। प्रशिक्षण में 8 वर्ष से उपर के बालक व बालिका शामिल हो सकते हैं। अधिक जानकारी एवं प्रशिक्षण में शामिल होने के लिए कार्यालय सहायक संचालक, खेल एवं युवा कल्याण विभाग, इंदिरा स्टेडियम में प्रदीप साहू से सम्पर्क किया जा सकता है।







छाया : संतोष पाण्डे

### महावीर जयंती पर जैन समाज में दिखा उत्साह

# शहर में निकली भव्य शोभायात्रा, दिया अहिंसा और शांति का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

चौबीसवें तीर्थंकर भगवान महावीर के जन्म कल्याणम महोत्सव के उपलक्ष में शहर में भव्य रूप से शोभायात्रा गुरुवार को निकली गई। बस्तर में निवासरत जैन समुदाय के धर्मावलियों ने भगवान महावीर स्वामी के जन्म कल्याणक महोत्सव पर गुरुवार को रथ पर सवार होकर निकले। श्री दिगबर जैन समाज द्वारा सुबह शोभायात्रा शुरू हुई। जन्म कल्याणक महोत्सव पर निकाली गई भव्य शोभायात्रा में जैन समुदाय के लोग सैकड़ों की संख्या में शामिल हुए। शहर में निकाली गई भव्य शोभायात्रा जैन मंदिर में पूजा करने के प्रमुख मार्गों से भ्रमण की गई। नगर के दिगंबर जैन मंदिर से शोभायात्रा निकाल कर मेनरोड, महावीर चौक, स्टेट बैंक, चांदनी चौक से होते हुए बस्तर हाई स्कूल के सामने से होकर मंदिर में पहुंच सम्पन्न हुई। शोभायात्रा के दौरान रास्ते में सभी को मिठाइयां, शीतल पेय आदि बांटकर जन्मोत्सव मनाते दिखे। भगवान महावीर स्वामी की जयंती को लेकर जैन समाज के लोगों में खासा उत्साह देखा गया। शोभायात्रा की समाप्ति के बाद भगवान महावीर स्वामी का जलाभिषेक कर पूजा की गई। उसके बाद दोपहर को प्रसाद वितरण किया गया, शाम को आरती का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में जैन परिवार के लोग शामिल हुए। महावीर जयंती को लेकर शहर में सुरक्षा के पुख्ता इंतेजाम किए गए हैं।

- शोभायात्रा के दौरान रास्ते में मिठाइयां, शीतल पेय का वितरण





### चांदी की वेदी में कराया विराजमान

हर साल की तरह इस वर्ष भी भगवान महावीर स्वामी के जन्मोत्सव के अवसर पर गुरुवार को सबसे पहले श्वेतांबर और दिगंबर समाज के लोग अपने-अपने मंदिरों में एकत्रित हुए। यहां प्रभु को चांदी की वेदी में विराजमान किया गया, जिसे समाजजन भक्ति भाव के साथ पूजा-अर्चना कर रथ तक उठाकर लाने के बाद रथ में स्थापित किया गया।

### इंद्र बने युवाओं ने खींचा रथ

भगवान महावीर के जन्म कल्याणक महोत्सव पर आयोजित शोभायात्रा में समाज के लोग नंगे पैर रथ खींचते नजर आए, वहीं रथ को इंद्र रूप में सजे युवाओं ने खींचा। शोभायात्रा में युवक-युवतियां भजनों पर भगवान की स्तुति करते हुए नृत्य करते हुए चल रहे थे, वहीं जुलूस में बैंड-बाजे और ढोल भी शामिल रहे।

### फूल बरसा कर किया शोभायात्रा का स्वागत

भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल द्वारा फूल बरसा कर भव्य शोभायात्रा का स्वागत स्टेट बैंक चौक में किया गया। प्रदेश कार्यसमिति सदस्य विद्याशरण तिवारी ने कहा कि समाज को मजबूत करने के लिए अपने अंदर के शत्रु रूपी क्रोध, घमंड, लालच, आसक्ति और नफरत को निकाल फैके। जब तक मन स्वच्छ नहीं होगा तब तक भावना जन कल्याण के अनुरूप नहीं हो सकती। नगर अध्यक्ष प्रकाश झा ने कहा कि खुशहाल जीवन जीने के लिए अहिंसा, अपरिग्रह और अनेकांत सिद्धांतों की सर्वाधिक जरूरत है। इस अवसर पर मुख्य रूप से संजय विश्वकर्मा, संग्राम सिंह राणा, दिगंबर राव, अनिल लुक्कड़, अनुप जैन, नवीन बोथरा, राजेश श्रीवास्तव, गोविंद ईनाणी, किरण दीवान, श्रीपाल जैन, त्रिवेणी रंधारी, अनिल जैन, शशि नाथ पाठक, गोविंद शर्मा, हरीश पारख, अमर झा, दिलीप दास, संतोष पांडेय, सूरज, झरना मोहंती सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# शिविर में पशुओं का किया गया टीकाकरण

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

वासुदेव चंद्राकर कामधेनु विश्वविद्यालय दुर्ग, वेटनरी पॉलिटेक्निक जगदलपुर एवं शासकीय पशुचिकित्सालय, लोहण्डीगुड़ा द्वारा टी.एस.पी परियोजना बस्तर शीर्षक उन्नत पशुधन और कुक्कुट जर्मप्लाज्म के परिचय द्वारा बस्तर के आदिवासी समुदाय की आजिविका सुरक्षा में सुधार एवं राष्टीय पशुरोग नियंत्रण कार्यक्रम अन्तर्गत ग्राम- गड़ियां, विकासखण्ड - लोहण्डीगुड़ा, जिला.बस्तर में एक दिवसीय टीकाकरण शिविर का आयोजन 8 अप्रैल को किया गया। इस शिविर में टी.एस.पी परियोजना, बस्तर अतंर्गत आदिवासी समुदाय के हितग्राहियों को वितरित किये गये सूकरों में मुहपका खुरपका



बिमारी से बचाव हेतु एफएमडी का टीकाकरण किया गया एवं हितग्राहियों को सूकरो हेतु पोषक आहार, मिनरल मिक्सचर, एवं कैलशियम सिरप का वितरण भी किया गया। साथ ही इस ग्राम के पशुपालको के घर- घर जाकर गाय, बैल,भैस, तथा बकरियों में मुहपका खुरपका बिमारी से बचाव हेतु एफएमडी का टीकाकरण किया गया। मुहपका एवं खुरपका रोग (एफएमडी ) पशुओं का एक गंभीर, अत्याधिक संक्रामक विषाणुजनित रोग है। यह रोग मवेशियों,सूकरो, भेंडों, बकरियों और अन्य खुर वाले जानवरों को प्रभावित करता है इसके कारण पशु कमजोर एवं दुध उत्पादन में कमी के कारण पशुपालकों को आर्थिक नुकसान होता है। अतः इस बिमारी से बचाव हेतु समय पर पशुपालकों को पशुओं का हर छः माह पर इसका टीकाकरण करवाना चाहियें। इस टीकाकरण शिविर में डॉ.नितेश कुम्भकार, प्राचार्य वेटनरी पॉलीटेक्निक,जगदलपुर, डॉ राजेश वाकचौरे, सहायक प्राध्यापक, अमन कश्यप, किरण कुमार, श्री सत्येन्द्र ठाकुर, डॉ. मेघना कृषनन, अखिलेश ठाकुर एवं वेटनरी पॉलीटेक्निक के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### चौपाल में योजनाओं की दी गई जानकारी



**जगदलपुर।** सुशासन त्योहार कार्यक्रम में उत्सुकता दिखाई दे रहा है। ग्रामीणों द्वारा अपनी अपनी मांग लेकर चौपाल पहुंचकर आवेदन कर रहे हैं। सरकार की योजना को ग्रामीणों ने सराहना की। चौपाल में उपस्थित भाजपा के जिला अध्यक्ष किसान मोर्चा महेंद्र सेठिया ने वर्तमान अध्यक्ष मंडल सतीश सेठिया जिला के महामंत्री भाजपा किसान मोर्चा जितेंद्र सेठिया चौपाल में उपस्थित होकर सरकार की योजनाओं के बारे में आम जनता को को जानकारी दी गई।

# शहर में हनुमान जन्मोत्सव की तैयारियां जोरों पर



हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

नगर में 12 अप्रैल को हनुमान जन्मोत्सव की तैयारियां जोरों पर चल रही है। हनुमान जन्मोत्सव पर दंतेश्वरी मंदिर प्रांगण संध्या 7 बजे 108 हनुमान महामंत्र का जाप किया जावेगा। साथ ही नगर के 46 मंदिरों में संचालित साप्ताहिक हनुमान चालीसा पाठ के द्वारा 108 हनुमान महामंत्र का सामूहिक जाप किया जाएगा। उसके पश्चात हनुमान चालीसा का भव्य पाठ और फिर महाआरती की जाएगी। उपस्थित भक्तों से आयोजन समिति अपील करती है कि सभी हनुमान भक्त अपने घरों से आरती थाली सजा कर शंख लेकर दंतेश्वरी मंदिर प्रांगण पीले भारतीय परिधान धारण का सम्मलित होवें। इस आयोजन में सभी परिवार के बच्चों सहित आयें और भगवान की कृपा आशीर्वाद प्राप्त करें।

आयोजन समिति के डॉ मनोज पाणिग्राही ने कहा इस वर्ष हनुमान जयंती पर पतंजलि परिवार के तत्वावधान में सबके हनुमान-सुरमई संगीत संध्या का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें राम हनुमान के भक्ति गीत की प्रस्तुति सुररत्न संगीत समूह के कलाकारों द्वारा किया जावेगा। उन्होंने बताया कि सबके हनुमान संगीत संध्या में श्रीराम-हनुमान के भक्ति संगीत का भव्य और दिव्य आयोजन होगा जिसमे भक्तगण महाआरती में स्वयं सम्मिलित हो भक्ति गीतों का आनंद ले पायेंगे। सभी सनातनी हनुमान भक्तों से अपील की है कि इस आयोजन में भाग लेकर इसे भव्यता प्रदान करें और अपने साथ शंख और आरती की थाली साथ लावें।

# गर्मी में जल संकट गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

नगर निगम क्षेत्र में बढ़ती गर्मी को देखते हुए आम जनता और पशुओं के लिए पीने के पानी की विकट समस्या उत्पन्न हो गई है। आम आदमी पार्टी के नेता समीर खान ने महापौर संजय पांडे से अपील की है कि नगर के विभिन्न वार्डों एवं मुख्य क्षेत्रों में सार्वजनिक नलों की स्थापना शीघ्र कराई जाए।

- नगर निगम सार्वजनिक नल एवं पशुओं के लिए पानी की व्यवस्था करे

खान ने कहा कि ट्रिपल इंजन की सरकार सिर्फ कागजों में बड़े-बड़े दावे कर रही है, जबकि जमीनी हकीकत ये है कि न तो आम जनता को पीने का साफ पानी मिल पा रहा है और न ही पशुओं के लिए कोई पेयजल व्यवस्था है। न कहीं टंकी है, न ही कोई सेटअप। ऐसे में यह स्थिति चिंताजनक है।आप नेता ने यह भी कहा कि वर्तमान में नगर निगम क्षेत्र में अधिकांश वार्डों में सार्वजनिक नल नहीं के बराबर हैं। भीषण गर्मी में नागरिकों को साफ



पेयजल उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिक जिम्मेदारी होनी चाहिए। साथ ही, शहर में आवारा व पालतू पशुओं के लिए भी पीने के पानी की समुचित व्यवस्था की जानी चाहिए।

नगर निगम क्षेत्र के सभी वार्डों में सार्वजनिक नल तत्काल स्थापित किए जाएं। शहर के प्रमुख स्थानों पर पशुओं के लिए पेयजल की व्यवस्था (वॉटर सेटअप) की जाए। सभी नागरिकों को साफ और पर्याप्त मात्रा में पानी उपलब्ध कराने के लिए शीघ्र ठोस कदम उठाए जाएं।यदि समय रहते इस पर कार्यवाही नहीं की जाती, तो आम आदमी पार्टी जनता की समस्याओं को लेकर आंदोलन के लिए बाध्य होगी।

## एक्सरे कक्ष में ताला देख भड़के नेता...



जगदलपुर। लोहंडीगुड़ा ब्लाक के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के एक्सरे कक्ष में महीनों से ताला लटका हुआ है। ग्रामीणों को एक्सरे कराने 35 किलो मीटर दूर जगदलपुर जाना पड़ता है। शिकायत मिलने पर जिला पंचायत सदस्य चंद्रभान कश्यप अस्पताल पहुंचे और एक्सरे कक्ष में ताला देख नाराज हो गए। उन्होंने अस्पताल प्रबंधन से जल्द एक्सरे मशीन सुधारने को कहा। बताया गया कि ग्रामीणों को काफी परेशानी हो रही है। ब्लाक मुख्यालय का सबसे बड़ा अस्पताल होने से यहां दर्जनों गांव के लोग इलाज कराने आते हैं। ऐसे में फिर से जगदलपुर जाना पड़ता है और लोगों को समय और पैसे का नुकसान होता है।



### कादंबरी संस्था ने शुरू किया प्याऊ घर

जगदलपुर। संस्था कादंबरी के सौजन्य से गुरुवार को भीषण गर्मी के मद्देनजर राहगीरों के लिए प्याऊ घर गुरु गोविन्द सिंह वार्ड में विशाल मेगा मार्ट के पास शुरू किया गया। प्याऊ का शुभारंभ वार्ड पार्षद एवं एमआईसी सदस्य संग्राम सिंह राणा एवं कादंबरी अध्यक्ष करमजीत कौर द्वारा किया गया। इस अवसर पर कादंबरी की वरिष्ठ सदस्य वंदना भदौरिया एवं संरक्षक सुषमा झा, नगर अध्यक्ष प्रकाश झा, गोविंद ईनाणी एवं वार्ड वासी उपस्थित थे।




# एक शाम प्रभु महावीर के नाम पर शानदार नाट्य की प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर



ओसवाल जैन श्वेतांबर समाज के बैनर तले जैनिज्म परिवार द्वारा संभाग स्तरीय ग्रुप गायन प्रतियोगिता एक शाम प्रभु महावीर के नाम का आयोजन वॉटर फ्रंट दादाबाड़ी में किया गया जहां सुकमा, गीदम, नारायणपुर, केशकाल एवं जगदलपुर के विभिन्न मंडलों द्वारा प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि महापौर संजय पांडे, ओसवाल समाज अध्यक्ष भंवर बोथरा, कार्यक्रम के मुख्य प्रस्तुत कर्ता प्रकाश लोढ़ा, पवन मोदी, राजू लुक्कड़, खुशबू बोथरा, रतन पारख, शिवकुमार सांखला एवं समाज के अन्य वरिष्ठ जनों की उपस्थिति में दीप प्रज्वलन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत जैनिज्म परिवार द्वारा मंगलाचरण से की गई कार्यक्रम में प्रतिभागी के रूप में कुल 10 मंडल जैन कुशल मंडल जगदलपुर, तेरापंथ महिला मंडल जगदलपुर, महावीर मित्र मंडल गीदम, वीरप्रभु के दीवाने ग्रुप जगदलपुर, जैन पार्श्व मंडल नारायणपुर, समता मंडल जगदलपुर, संगीत समता मंडल गीदम, जैन मित्र मंडल कोंडागांव, मणिप्रभ संगीत मंडल जगदलपुर, कुशल महिला मंडल जगदलपुर अपने गीतों के माध्यम से समा बांधा। कार्यक्रम में जैन समाज के महासचिव अनिल कागोत ने स्वागत उद्बोधन दिया। तत्पश्चात महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव के सांस्कृतिक कार्यक्रम संयोजक नीरज बाफना ने कार्यक्रम की जानकारियां एवं संयोजक संस्था को मंच प्रदान किया।

कार्यक्रम के दौरान जैनिज्म परिवार द्वारा आधुनिकता का दिखावा पर शानदार नाट्य प्रस्तुति दी गई जिसमें शादियों में बढ़ रही फिजूल खर्ची, प्री वेडिंग, कार्निवल जैसे दिखाओ पर गहरा आघात किया एवं उस पर रोक लगाने हेतु समाज से निवेदन किया। भंवर बोथरा ने जैन समाज की एकता एवं भगवान महावीर के सिद्धांतों को शब्दों के माध्यम से व्यक्त किया। संभाग स्तरीय ग्रुप गायन प्रतियोगिता में विजेता के रूप में प्रथम स्थान पर कोंडागांव के जैन मित्र मंडल रहे एवं द्वितीय स्थान पर मणिप्रभ संगीत मंडल जगदलपुर रहा एवं तीसरे स्थान पर संगीत समता मंडल गीदम रहा कार्यक्रम में दर्शकों के लिए 7 लकी ड्रा कूपन के माध्यम से विजेता का चयन किया गया। यह जानकारी संस्था के सचिव संदीप कागोत ने दी।




| TEST | MRP | Offer Price | TEST | MRP | Offer Price |
|---|---|---|---|---|---|
| शुगर | 50 | 10 | एचबीए1सी | 600 | 200 |
| कोलेस्ट्रॉल | 150 | 10 | लिपिड प्रोफाइल | 500 | 200 |
| हीमोग्लोबिन | 100 | 10 | थायरॉइड प्रोफाइल | 550 | 200 |
| क्रिएटिनिन | 100 | 10 | विटामिन डी | 1200 | 700 |
| युरिन | 100 | 10 | विटामीन बी12 | 1200 | 700 |